आर्योदय
ARYODAYE

LET US LOOK AT EVERYONE WITH A FRIENDLY EYE
- VEDA

Aryodaye Weekly No. 269 | ARYA SABHA MAURITIUS | 1st May to 25th May 2013

Eduquons notre entourage

Om ! Kétum krinvannakétavé, pesho maryayā apéshassé samushdabhirjāyathāha.

Rig. Véda 1-6-3

Hé maryayāha – O les hommes! **Akétavé** – pour dissiper les ténèbres de l'ignorance, **Kétum** –propager la lumière du savoir ou de la connaissance, **Krinvana** – qui produit ou qui offre, **Apéshassé** – éliminer la misère, la pauvreté, les fléaux qui guettent la société, **Péshaha Krinvan** – embellir, réhabiliter, **Ushadbhiha** – avec l'aube, **Sam ajāyathāha** – vous êtes nés.

O Seigneur ! Les trois brins de la corde sacrée ("Yajopavit" ou "Janew" en Hindi) que nous portons, nous font réfléchir sur nos trois obligations ou nos trois redevances ("Rinne" en Hindi) à honorer dans notre vie.

Ces trois obligations sont :-

(i) "Rishi Rinne"– Nos redevances envers les sages et la Divinité.
(ii) "Dev Rinne" – Nos devoirs envers la nature et le Créateur.
(iii) "Pitri Rinne" – Notre reconnaissance et notre gratitude envers nos parents.

On peut s'acquitter de ces trois dettes de la façon suivante :

(i) 'Rishi Rinne' – En propageant l'éducation volontairement et avec désintéressement.
(ii) 'Dev Rinne' – Par le Yajna.
(iii) 'Pitri Rinne' – En se dédiant au bien-être de nos parents.

Dans ce mantra ou verset du Rig Véda, il y a l'emphase sur l'acquittement du "Rishi Rinne" ou "Brahma Rinne" – ayant comme but principal d'éliminer l'ignorance, la pauvreté, la misère, et les fléaux qui guettent la société.

L'étude des Védas nous enseigne à instruire les ignorants, à éduquer les illettrés, les réhabiliter et à produire de grands intellectuels, des sages, des savants, et des hommes de génie dans la société.

Il incombe à chaque personne éduquée ou à chaque intellectuel de propager l'éducation.

Dans ce mantra, il y a mention que l'homme est né avec l'aube et il doit se comporter comme tel.

La façon dont l'aube répand sa lumière, et chasse l'obscurité, chaque intellectuel doit se faire un devoir de promouvoir l'éducation dans son voisinage et d'éclairer l'esprit des gens.

Tout comme l'aube dissipe l'obscurité et étale devant nous le paysage avec toutes ses créatures actives, et la nature en toute sa beauté et sa splendeur, dans le même sens chaque citoyen éduqué doit se faire une mission solennelle d'éliminer dans son entourage les ténèbres de l'ignorance et de faire jaillir la lumière, la beauté, le dynamisme et les miracles de l'éducation.

N. Ghoorah

पल्लवन

धर्म-पत्नी

डॉ० उदयनारायण गंगू, ओ.एस.के, आर्य रत्न

धर्म-शास्त्र के नियमों के अनुसार ब्याही हुई स्त्री को 'धर्म पत्नी' कहते हैं। धर्म-पत्नी वही है, जो गृह-कार्य में निपुण है, पति को प्राणों के समान चाहती है, संस्कारवान् सन्तानों की जननी है, जो समस्त धार्मिक कार्यों का मूलाधार है। वह मधुरता, नम्रता, कोमलता, आज्ञाकारिता, उदारता, निस्वार्थ सेवा, प्रेम और भक्ति से सुभूषित होती है। वह समर्पण की देवी होती है। वह अपनी वाणी, मेधा, धृति और क्षमा-सम सम्पदाओं से सब पर शासन करती है। गीता कहती है –

'कीर्तिः श्रीवाक् च नारीणां,
स्मृतिर्मेधा धृतिः क्षमा।'

आज्ञाकारिता और समर्पण का अर्थ यह नहीं कि पति के अनुचित, अन्यायपूर्ण बात को पत्नी मान ले। पति के पापपूर्ण व्यवहार के सामने उसे शीश झुकाना नहीं है। उसमें पूरे परिवार को सन्मार्ग पर चलाने की क्षमता होनी चाहिए। वह धर्म, अर्थ, काम का आधार है। वह पति को भवसागर से पार करती है। पति की सच्ची मित्र होती है। धर्म-पत्नी पति को धर्म-पथ का पथिक बनाती है। यह तभी सम्भव होता है, जब वह आध्यात्मिक रूप से शक्ति-सम्पन्न होती है।

धर्मपत्नी के पद पर आसीन स्त्री जब धर्म-विरुद्ध आचरण करती है तब वह कुल-कलंकिनी बन जाती है, पितृकुल और पतिकुल दोनों का सर्वनाश कर डालती है। पति को पूजा योग्या, पुण्य कर्मवाली और गृह की शोभा बढ़ानेवाली लक्ष्मी-स्वरूपा पत्नी की पूर्णतया रक्षा करनी चाहिए।

मयि देवा द्रविणमा यजन्ताम् ।
(यजु० १९.२९)
कुशल क्षेम से पत्नी-समागम को प्राप्त होता है ।

सोमानं कृणुहि ब्रह्मणस्पते ।
(यजु० ३.२८)
हे ब्रहाणस्पति! परिश्रमी को यशस्वी बनाओ।

सम्पादकीय

देव-तुल्य मानव

माता-पिता को देवता माने जाते हैं। वे जीवन पर्यन्त अपनी संतानों के हित में ध्यान देते रहते हैं। उनकी भलाई में तप-त्याग और पुरुषार्थ करते रहते हैं। अपने प्राणों की परवाह किए बिना उनकी रक्षा में लगे रहते हैं। उन देव तुल्य मानव के महान् उपकारों का मूल्य नहीं लगा सकते हैं।

माँ-बाप से महान् दुनिया में और कोई अन्य प्राणी नहीं। माता तो जननी होती है अर्थात् जन्म देने वाली देवी होती है। वह अपनी संतानों की रक्षा करना सबसे परम धर्म समझती है। अपने पुत्र-पुत्रियों को अपनी जान का टुकड़ा मानती है। इसी प्रकार पिता तपस्वी बनकर अपने बच्चों के पालन-पोषण और शिक्षण आदि में अपना सारा जीवन गवाँ देता है। माता-पिता दोनों वृद्धावस्था तक अपने बच्चों को सुख प्रदान करने के लिए तत्पर रहते हैं। अतः सभी संतानों का कर्त्तव्य है कि वे अपने माता-पिता का आदर-सम्मान करें, उनको सुख, शान्ति तथा आनन्द दें।

देव तुल्य माता-पिता को बड़े प्रेमभाव से सेवा करना हर एक संतान का परम धर्म है। उनकी आज्ञा का पालन करना एक सुसंतान का कर्तव्य है। उनकी सारी आवश्यकताएँ पूरी करना उसका उद्देश्य है। जो पुत्र-पुत्रियाँ अपने माता-पिता को देवता के समान पूजते हैं, वे उनका आशीर्वाद प्राप्त करके मंगलमय रहते हैं, क्योंकि विश्व का सबसे बड़ा सुख और आनन्द तो माता-पिता के चरणों में होता है।

वैदिक विचार-धारा के अनुकूल जीवन व्यतीत करने वाले आर्य बंधु हमेशा मानव धर्म, वैदिक संस्कार और मानव मूल्य को प्रधानता देते हैं। वे अपने बच्चों को धार्मिक शिक्षा प्रदान करते हैं, उनमें सुसंस्कार डालते हैं; उन्हें शिष्ट व्यवहार करने का ज्ञान देते हैं। उन सुसंस्कारी परिवारों में प्रेम, एकता, सहयोग, शिष्टता आदि गुण परिपूर्ण रहते हैं। ऐसे परिवारों में माता-पिता और वृद्ध जनों का बड़ा सम्मान होता है। और उन परिवारों में दुख की काली घटा कभी छा जाती है तो शीघ्र ही लुप्त हो जाती है।

काल परिस्थिति के साथ आज हमारी शिक्षा पद्धति में बड़ा बदलाव आ गया है। विज्ञान और टकनीकी युग में प्रवेश करके आज लोग धार्मिक ज्ञान, वैदिक संस्कार और मानव मूल्य की शिक्षा पर कम ध्यान दे रहे हैं। इस बहुमूल्य ज्ञान के अभाव में हमारे उभरते युवा वर्ग अशिष्ट व्यवहार करने लगे हैं। आदर, मान-सम्मान की भावना उनमें दिखाई देती ही नहीं। वे कुसंस्कारी बनकर बड़ों की अवहेलना करने लगे हैं। वे मातृ प्रेम सें बंचित हैं, पितृ सहयोग से दूर हैं। इसी कारण आज हमारे वृद्ध जन दुखी और चिन्तित हैं।

जिन माता-पिता जनों ने अपने पुत्र-पुत्रियों के पालन पोषण में अपना सम्पूर्ण जीवन व्यतीत कर दिया, वे आज वृद्धावस्था में अपने बच्चों का प्रेम प्राप्त करने के लिए ललायित हैं। उनकी थोड़ी सी मदद प्राप्त करने के लिए तरसते हैं। आज के युवा-युवती अलग जीवन गुज़ारते हुए तनाव और चिन्ता से ग्रसित हैं; उधर वृद्ध माता-पिता घर में अकेले पीड़ित हैं। युवा वर्गों की नादानी से वृद्धों की दयनीय स्थिति में कोई सुधार नहीं दिखता।

देव-तुल्य माता-पिता तो जीवन में एक ही बार प्राप्त होते हैं उनकी सेवा, सहायता और हर पल रक्षा करने का सौभाग्य प्राप्त करें, ताकि उनके हार्दिक आशीर्वाद से हमारा जीवन सुखी हों। मातृ-दिवस के अवसर पर समस्त संतानें यह प्रण करें कि वे अपने असहाय, असमर्थ वृद्ध माता-पिता का सहयोगी बनें, उनका कृतज्ञ बनें, क्योंकि माता-पिता के महान् उपकारों से हम कभी उऋण नहीं हो सकेंगे।

माता-पिता का प्यार और आशीर्वाद तो हमारे जीवन के लिए अमृत तुल्य होता है। हम अगर सारे भौतिक सुख भोगने के चक्कर में रहेंगे और अपने देव-तुल्य माता-पिता को तिरस्कृत करके उनसे दूर रहेंगे तो हमें सुख कहाँ? अतः हम सभी पुत्र-पुत्रियों से आग्रह करते हैं कि आप मातृ दिवस के अवसर पर अवश्य अपने जीवित देव तुल्य माँ-बाप का आशीर्वाद अवश्य प्राप्त करें और उन्हें सुखी रखने का संकल्प लें, ईश्वर की कृपा से सबका भला होगा, जो बच्चे अपने माता-पिता के आदर, सम्मान, सेवा में तत्पर रहते हैं, उनका जीवन तो स्वर्गमय है और जो व्यक्ति अपने देव जनों को भूल गए हैं उन्हें तो स्वर्ग का सुख कहाँ?

बालचन्द तानाकूर

ओ३म्

आर्य सभा मोरिशस

आर्य सभा मोरिशस की कार्यकारिणी समिति (अन्तरंग सभा) का गठन सन् २०१३-२०१४ ई० के लिए निम्न प्रकार हुआ है :-

प्रतिनिधि सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा : श्री राजेन्द्रचन्द मोहित जी

मान्य प्रधान : डा० रुद्रसेन नीऊर जी, *जी.ओ.एस.के,आर्य भूषण*
प्रधान : श्री बालचन्द तानाकुर जी, *पी.एम.एस.एम, आर्य भूषण*
उप-प्रधान : डा० उदयनारायण गंगू जी,*एम.ए.,पी.एच.डी,ओ.एस.के,आर्य रत्न*
उप-प्रधान : श्री सत्यदेव प्रीतम जी, *ओ.एस.के,सी.एस.के,आर्य भूषण,आर्य रत्न*
उप-प्रधान : श्रीमती धनवन्ती रामचर्ण जी, *एम.एस.के, आर्य भूषण*
मन्त्री : श्री हरिदेव रामधनी जी, *आर्य रत्न*
उप-मन्त्री : डा० जयचन्द लालबिहारी जी, *एम.एड.,पी.एच.डी*
उप-मन्त्री : श्री प्रभाकर जीऊत जी
उप-मन्त्री : श्री राजेन्द्र प्रसाद रामजी जी, *एम.एस.के.,आर्य भूषण*
कोषाध्यक्ष : श्री भोलानाथ जीऊत जी
उप-कोषाध्यक्ष : श्री दिलराजसिंह तिलक जी
उप-कोषाध्यक्ष : श्रीमती रत्नभूषिता पुचुआ जी, *बी.ए,एम.ए,पी.जी.सी.ई*
उप-कोषाध्यक्ष : श्री रवीन्द्रसिंह गौड जी
पुस्तकाध्यक्ष : श्री बिसेसर राकाल जी, *आर्य रत्न*

अंतरंग सदस्य : श्रीमती पूर्णिमा सुकन – तिलकधारी जी
' : श्री धर्मवीर गंगू जी
' : श्री भगवानदास बुलाकी जी
' : श्रीमती सती रामफल जी

नोट *– नये संशोधित चार्टर के अनुसार – कार्यकारिणी समिति को अधिकार दिया गया है कि वह एक मान्य-प्रधान की नियुक्ति करे। अतः इस साल डा० रुद्रसेन निऊर जी को सभा का पहला मान्य प्रधान चुना गया है।*

पत्र व्यवहार निम्न पते पर करना चाहिए :–

महामन्त्री
आर्य सभा मोरिशस
१, महर्षि दयानन्द गली
पोर्ट लुई

हरिदेव रामधनी
महामन्त्री

०६.०५.२०१३

OM

ARYA SABHA MAURITIUS

The Managing Committee of Arya Sabha Mauritius for the year 2013-2014 has been constituted as follows :-

REP. OF SARVADESHIK SABHA : Shri Rajendrachund MOHITH
HONORARY PRESIDENT : Dr. Roodrasen NEEWOOR,*G.O.S.K, Arya Bhushan*
PRESIDENT : Shri Balchand TANAKOOR,*P.M.S.M, Arya Bhushan*
VICE-PRESIDENT : Dr. Oudaye Narain GANGOO, *M.A, Ph.D, O.S.K,Arya Ratna*
VICE-PRESIDENT : Shri Satterdeo PEERTHUM,*O.S.K,C.S.K, Arya Ratna*
VICE-PRESIDENT : Smt. Danwantee RAMCHURN,*M.S.K,Arya Bhushan*
SECRETARY : Shri Harrydev RAMDHONY, *Arya Ratna*
ASST. SECRETARY : Dr. Jaychand LALLBEEHARRY, *M.A,M.Ed, P.h.D.*
ASST. SECRETARY : Shri Prabhakar JEEWOOTH
ASST. SECRETARY : Shri Rajendra Prasad RAMJEE,*M.S.K,Arya Bhushan*
TREASURER : Shri Bholanath JEEWUTH
ASST. TREASURER : Shri Deelrazsingh TEELUCK
ASST. TREASURER : Smt. Rutnabhooshita PUCHOOA, B.A,M.A, P.G.C.E
ASST. TREASURER : Shri Ravindrasingh GOWD
LIBRARIAN : Shri Bissessur RAKHAL, *Arya Ratna*
MEMBERS : Smt. Me. Purnima SOOKUN -- TEELUCKDHARRY
: Shri Dharamveer GANGOO
: Shri Bhagwandass BOOLAKY
: Smt. Suttee RAMPHUL

Note *: As per our Amended Rules and Regulations the Managing Committee is empowered to nominate a Honorary Chairman for the Managing Committee, hence Dr Roodrasen Neewoor has been designated this year, as the first Honorary Chairman of the Sabha.*

All correspondences should be addressed to :-

The General Secretary
Arya Sabha Mauritius
1,Maharshi Dayanand Street
Port Louis

Shri Harrydev Ramdhony
General Secretary
06/05/2013

सवितर्दुरितानि परा सुव। *(यजु० ३०.३)*

हे परमात्मन् । तुम हमारे दुर्गुणों को दूर करो ।

Arya Sabha Mauritius

Annual General Meeting - 31/03/2013

President Report

On the 21st of April 2013 at 13.00 hrs at Arya Bhawan, Port Louis the Arya Sabha Mauritius held its Annual General Meeting which was chaired by the president Shri Harrydev Ramdhony who during his address elaborated on the achievements of the Sabha during the year 2012/13.

Year 2012 has been positive for the Arya Sabha as we realized many ambitious projects apart from the organization of all festivals and 'Prachar Karya' missionary works.

(i) to start with, the approval of the amended charter of the Arya Sabha Mauritius by the Registrar of Association -- which is indeed historical.

(ii) the extension of DAV Degree College – *(Dr Hansa Gunessee School of Management)* and the graduation ceremony held with much fervour.

(iii) conduct of Diploma Courses in Theology and Priesthood at the DAV Degree College to prepare our future : "Purohits" and "Missionaries".

(v) Nomination of 18 new Purohits and Purohitas to enhance missionary work at Samaj and family level.

(vi) opening of a school for children with Special Needs at Beau Vallon - (26 children mainly from needy families) and the initiation of the construction of a new and modern building at Union Vale to cater for a Specialised School for Special Needs.

(v) the Arya Yuvak/Yuvati Sangh organized successfully the National Youth Day on the 15th of August 2012 at Rabindranath Tagore Institute and a series of workshopsorganised at district level.

(vi) the contribution of Arya Samaj and Arya Mahila Samaj has been very remarkable during the celebrations of all festivals particularly, the "Shrawani Mahotsaw".

(vii) the presence of Acharya Ashish - Darshanacharya, Acharya Satyapal and Acharya Dr Usha Sharma - 'Ushas' gave a boost up to our Vedic Prachar.

(viii) in the educational sphere our two DAV colleges are doing very well and would like to announce with pride that PCK Aryan Vedic-Vacoas obtained 99% and Laventure Aryan Vedic 88% at the CPE 2012.

(ix) all our five Ashrams are full and are providing quality service. The Foyer Trochetia is being extended and the second phase is expected to be operational by March 2013.

(x) the Website of Arya Sabha has been redesigned and you may have the Aryodaye Weekly on line on www.aryasabhamauritius.mu.

Further you may find the Aryodaye on an International website "the aryasamaj.org" in which Vedic papers of different states of India is found.

(xi) construction of a beautiful Yajshala at Balgobin Ashram.

(xii) 'Alleviation of poverty programme'-through which more than 175 needy students of pre-primary and Std I are provided food, care and monitoring of their school activities.

(xiii) a delegation of 65 persons led by the President & the Secretary attended the International Aryan Conference at Rohini Park, India, where Mauritius got the honour of being a foreign country where Vedic Dharma and Culture is best preserved.

(xiii) Setting up of Aryan Senior Citizen Associations throughout the island.

Year 2013 will be more promising and the Arya Sabha is prospecting to realize the following projects among others :--

1. Introduction of modern subjects at the DAV Degree and Secondary Colleges.
2. Extension of the DAV Port Louis and DAV Morc. St. Andre Colleges.
3. Placing of Photo-Voltaic (200 Kwatts) on our schools and other institutions which will generate considerable income in the long run.
4. Construction of a New Board Room and renovation of our Administrative Section.
5. Provide more tools and facilities to re-dynamise the Arya Yuvak / Yuvati Sangh.
6. Empower Arya Mahila Samaj for better dissemination of the 'Vedic Sidhant' and to consolidate families.
7. Setting of a Guest House for foreign visitors at Union Vale.
8. Provide modern logistics and training to our Purohits.

The Arya Sabha Mauritius extends its heartiest thanks to all its Delegates and Life members for their usual support and we assure you to drive the Sabha towards more progress through good governance.

सभा प्रधान के प्रथम भाषण

रविवार दिनांक २१ अप्रैल को आर्य सभा के वार्षिक अधिवेशन के बाद गत शनिवार दिनांक ४ मई २०१३ को दोपहर ढाई बजे अन्तरंग सभा का गठन हुआ। बहुत लम्बे समय से आर्य समाज की सेवा करते हुए श्री बालचन्द तानाकूर को सर्व सम्मति से प्रधान पद पर आसीन किया गया जो सब प्रकार से उचित था।

अगले दिन रविवार दि० ५ मई २०१३ को न्यू ग्रोव में नवनिर्मित आर्य मंदिर के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए वर्ष २०१२-१३ के सभा प्रधान श्री बालचन्द तानाकूर ने अपने प्रथम-भाषण (Maiden Speech) में कहा 'एक बुझा हुआ दीपक कभी भी अन्य बुझे हुए दीपकों को प्रज्वलित नहीं कर सकता'। इसी प्रकार एक सुस्त व सोया हुआ व्यक्ति सोये हुए लोगों को कभी जगा नहीं सकता। मेरी ज़ोरदार माँग है कि जीवन में सदा जागते रहे हैं और दूसरों को जगाते रहें तभी हम एक समाज के अधिकारी बनकर अन्य सदस्यों को जागृत कर सकते हैं और अपने समाज को जीवित रख सकते हैं।

सत्यदेव प्रीतम

Workshop on HIV/ AIDS

Under the aegis of Arya Sabha Mauritius, and in collaboration with the Aryan Women Welfare Association (AWWA), a feminine wing of Arya Sabha Mauritius, the Council of Religions organised a workshop on combating HIV/ AIDS on Saturday 4th May 2013 at the seat of Arya Bhavan, Arya Sabha, Port Louis.

The workshop targetted religious leaders of Mauritius. There were fifty- five participants, most of whom were Pandits/ Panditas and leaders of various Arya Samajs. The Resource Person was Mr Sewraz Corceal, representative of the Council of Religions.

At the start of the workshop Mr Corceal gave a history of HIV/AIDS disease, how it was first identified in the USA, how it was discovered that it was caused by a virus, Then Mr. Corceal talked about the disease in Mauritius. He pointed out that the first case of AIDS was discovered in Mauritius in 1987. Presently, there are 5508 Mauritians infected with HIV/AIDS, 4375 males and 1333 females. There are many more cases not detected yet.

It was brought to our knowledge that there were about 60 million people infected with HIV/ AIDS in the world in 2011. 25 million of them have passed away. Presently, there are more than 7000 new cases of infection cropping up per day, out of which about 1000 concern children.

Mr. Corceal talked about the modes of transmission of HIV/AIDS, such as through sexual relations, use of same syringes by several persons, blood transmission and from mother to child. He talked about the risk- reduction measures that are being taken by the Mauritian Government such as tests for 'dépistage', distribution of syringes and methadone, as well as preventive measures as sensitization programmes.

Statistics by profession have shown that manual workers form the majority of people suffering from HIV/AIDS.

Pandits / Panditas and other religious leaders have been requested to include the topic of HIV/ AIDS and talk about the preventive measures when they are addressing the congregation after prayers. At the end of the explanations given by Mr. Corceal, we had question-time and discussion. Mrs Puchooa pointed out that inculcation of values is an essential item among the preventive measures; Mr. Corceal agreed with her and added that value education is complementary to the sensitization workshop for combatting HIV/AIDS.

A light lunch and refreshment was served to the participants. The workshop was a success. We hope that all the participants will share the knowledge gained by them during this programme with others and help to combat this terrible, disease in our country.

We thank the Council of Religions for its laudable work, and the participants for their attendance.

Mrs Rutnabhooshita Puchooa,
M.A, P.G.C.E
President
Aryan Women Welfare Association

शोक समाचार

हम समस्त शोकग्रस्त आर्य परिवार बड़े खेद के साथ यह सूचित करते हैं कि गत् गुरुवार दिनांक २५ अप्रैल २०१३ को **श्रीमती माधुरी देवी प्रीतम जी** का अचानक स्वर्गवास हो गया। आर्य सभा के महामन्त्री श्री सत्यदेव प्रीतम जी तथा उनके परिवार के सदस्यों को अपनी सहानुभूति प्रकट करने के लिए आर्य सभा के अधिकारी, कर्मचारी, पुरोहित-पुरोहितागण आर्य ज़िला समिति के प्रतिनिधि और शाखा समाजों के सदस्य- सदस्याएँ भारी संख्या में गए हुए थे। पंडित-पंडिताओं द्वारा मन्त्र पाठ और ईश भजनों से दिवंगत आत्मा की शान्ति निमित्त प्रार्थना की गई। रात्रि जागरण के बाद शुक्रवार २६ अप्रैल को उनकी अन्त्येष्टि में शोकातुर परिवार को अपनी सम्वेदना प्रकट करने के लिए हमारे देश के राष्ट्रपति महामहिम राजकेश्वर प्रयाग जी, संसद सदस्य और हित-मित्र आदि भारी संख्या में उपस्थित थे। उस अवसर पर आर्य सभा के प्रधान श्री हरिदेव रामधनी जी, डा० उदयनारायण गंगू जी और आचार्य सतीश बिटुला जी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी हार्दिक संवेदना प्रकट की।

शवयात्रा जब फेनिक्स के श्मशान में पहुँची तो वहाँ भी संवेदना प्रकट करने वालों की भीड़ लगी हुई थी। अन्तयेष्टि संस्कार आचार्य सतीश बितुला जी तथा दर्जनों पंडित-पंडिताओं द्वारा किया गया फिर तीन दिनों तक यज्ञों का अनुष्ठान श्री सत्यदेव प्रीतम जी के गृह पर किया गया ।

हम आर्य सभा की ओर से यही प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर प्रीतम परिवार को धैर्य और साहस दें और स्वर्गीया माधुरी देवी प्रीतम जी की आत्मा को सद्गति प्रदान करें।

बालचन्द तानाकूर

ARYODAYE
Arya Sabha Mauritius
1, Maharshi Dayanand St,
Port Louis, Tel: 212-2730,
208-7504, Fax : 210-3778,
Email : aryamu@intnet.mu,
www.aryasabhamauritius.mu
प्रधान सम्पादक: डॉ० उदय नारायण गंगू,
पी.एच.डी.,ओ.एस.के,आर्य रत्न
सह सम्पादक : सत्यदेव प्रीतम,
बी.ए.,ओ.एस.के.,सी.एस.के.,आर्य रत्न
सम्पादक मण्डल :
(१) डॉ० जयचन्द लालबिहारी,*पी.एच.डी*
(२) श्री बालचन्द तानाकूर,*पी.एम.एस.एम, आर्य भूषण*
(३) श्री नरेन्द्र घूरा,*पी.एम.एस.एम*
Printer : BAHADOOR PRINTING LTD.
Ave. St. Vincent de Paul, Les Pailles,
Tel : 208-1317, Fax : 212-9038

डॉक्टर हंसा गणेशी विद्या मंदिर का उद्घाटन-समारोह

डॉ० उदयनारायण गंगू,ओ.एस.के,आर्य रत्न

५ मई को न्यूग्रोव आर्य समाज के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन गणतन्त्र मॉरीशस के राष्ट्रपति महामहिम श्री राजकेश्वर परयाग जी के द्वारा बड़े समारोह पूर्वक हुआ। विशिष्ट अतिथि थे माननीय डा० अरविन्द बूलेल, विदेश मन्त्री और महान्दाता डॉ० हंसा गणेशी जी।

पंडित-पंडिताओं द्वारा श्रद्धायुक्त वातावरण में यज्ञ एवं यज्ञ-प्रार्थना हुई। इसके पश्चात् आर्य सभा के नवनियुक्त महामन्त्री, श्री हरिदेव रामधनी जी ने कार्य का संचालन बड़ी कुशलतापूर्वक किया। उन्होंने यथोचित परिचय देते हुए बारी-बारी से वक्ताओं को प्रस्तुत किया ।

सर्वप्रथम न्यूग्रोव आर्य समाज की मंत्रिणी, श्रीमती प्रेमिला तूफ़ानी ने सभी उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए बच्चों का एक छोटा कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे श्रोताओं ने पसन्द किया ।

तत्पश्चात् सभा के उपप्रधान डा० उदय नारायण गंगू जी ने मुख्य अतिथि, महामहिम राष्ट्रपति श्री राजकेश्वर प्रयाग जी के प्रति उद्गार प्रकट किया। साथ ही उन्होंने विदेश मन्त्री डा० अरविन्द बूलेल जी के सहयोग एवं भवन-निर्माण में डॉक्टर हंसा गणेशी जी के आर्थिक दान के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने न्यूग्रोव आर्य समाज के प्रधान एवं सदस्यों के सहयोग के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

तदनन्तर आर्य सभा के वर्तमान प्रधान, श्री बालचन तानाकूर जी ने अवसर का एक सारगर्भित सन्देश दिया।

फिर महामन्त्री जी ने डा० अरविन्द बूलेल, विदेश मन्त्री जी को आमन्त्रित किया। उन्होंने अपने भाषण में आर्य समाज की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

पंडित श्याम दायबू और उनकी मंडली की ओर से विद्या विषयक मधुर भजन के उपरान्त महामहिम राष्ट्रपति जी का विशेष सन्देश हुआ। उन्होंने आर्य समाज के सभी कार्यों की प्रशंसा करते हुए वर्तमान समाज में फैली बुराइयों को दूर करने की ज़ोरदार अपील की।

अन्त में सभा के उपप्रधान श्री सत्यदेव प्रीतम जी ने अपने धन्यवाद भाषण में सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

उस अवसर पर डा० हंसा ने जो सन्देश दिया था, वह पाठकों के लाभार्थ प्रस्तुत है –

महामहिम राष्ट्रपति श्री राजकेश्वर परयाग जी, विदेश मन्त्री माननीय डा० अरविन्द बूलेल जी, आर्य सभा के प्रधान-मन्त्री और सदस्यगण, न्यूग्रोव समाज के प्रधान-मन्त्री और सदस्यगण, भाइयो और बहनो !

मुझे खुशी है कि यह भवन बनकर तैयार हो गया। आपके गाँव के लिए यह मंदिर का काम आयेगा, जिसमें आप हवन-सत्संग करेंगे और साथ ही यह एक शिक्षा-केन्द्र का भी काम आयेगा। आज बहुत ज़रूरी है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाय। स्कूल, कॉलिज की शिक्षा आवश्यक है, परन्तु उससे भी आवश्यक है धर्म और संस्कृति की शिक्षा। धर्म का ज्ञान होने से मनुष्य को अच्छे और बुरे की पहचान होती है। आज ज़रूरी है कि हमारे बच्चों की बुद्धि ऐसी हो जिससे वे जान सकें कि कौन से काम करने से जीवन में सुख और कौन से काम करने से दुख मिलता है।

मुझे आशा है कि इस शिक्षा केन्द्र में बच्चों को ऐसा ज्ञान दिया जायेगा जिससे वे भले-बुरे की पहचान कर सकें। आज हमारा देश विद्या के बल पर ही उन्नति कर सका है। इस देश में ही नहीं, संसार के सभी देशों में जो प्रगति हुई है, उसकी जड़ में विद्या ही है। बच्चे को यदि माता-पिता और शिक्षक विद्या का महत्व बता देते हैं तो उनका जीवन सुखमय बन जाता है। मुझे पूरी आशा है कि इस शिक्षा केन्द्र में विद्या पढ़ाने का पूरा प्रयास किया जायेगा।

विद्या पढ़ने के लिए अच्छे स्वास्थ्य की आवश्यकता होती है। आप इस भवन में विद्या के साथ-साथ योगासन और प्राणायाम की शिक्षा दें। इस तरह युवक-युवतियों को यहाँ एक अच्छा वातावरण मिलेगा।

हवन-सत्संग के द्वारा वे जहाँ अपनी बुद्धि को पवित्र बनायेंगे, वहीं ज्ञान पाकर अपना बौद्धिक बल बढ़ायेंगे। मंदिर धर्म का स्थान होता है। इस मंदिर में आप हमेशा धार्मिक कार्यों का आयोजन करें। अपने धार्मिक पर्वों को मनायें ताकि आपकी संस्कृति की रक्षा हो। हिन्दी पढ़ाई का अच्छा प्रबन्ध होना चाहिए। आज के बच्चे अपनी भाषा को भूल रहे हैं। माता-पिता ऐसा प्रयास करें कि हिन्दी की ओर बच्चों का मन लगे। वे अन्य विषयों के साथ हिन्दी का अध्ययन अवश्य करें। इस तरह बच्चों का पूरा विकास होगा।

अन्त में कुछ शब्द अंग्रेज़ी में बोलना चाहती हूँ ।

LADIES AND GENTLEMAN,

His Excellency Shri Rajkeswur Purryag ji, GCSK, GOSK, President of the Republic of Mauritius inaugurated this Educational Centre only some time back in the presence of one senior Minister and several eminent personalities.

This centre bears my name. I am not indifferent to the honor that has been bestowed on me. It is my earnest desire that boys and girls, the future builders of our nation receive proper training to develop character and skills in our educational institutions.

My humble contribution towards the building of this hall where we are assembled had this in mind. I have no doubt that proper training of body and mind is important for the development of the individual, too.

I hope that members of this society will do their best to propagate a value based education to the children of this locality. This is my most sincere wish. Religious education is a must for all students as we need religious values to give a meaning to our life. Further, belief in God helps us to lead a righteous life.

It would indeed make me happy if religious knowledge could be imparted to all students including the teaching of yoga.

Thank you.

यह उद्घाटन समारोह आर्य समाज के इतिहास में स्मरणीय रहेगा।

दान

पंडिता सत्यभामा दोमन

'दाता राधांसि शुम्भति'

ऋग्वेद

सर्वशक्तिमान् परमात्मा के बने इस विश्व में मानवमात्र की बहुत बड़ी सीख है – सूर्य से प्रकाश, चंद्रमा से सौम्यता, वायु से प्राण, जल से जीवन तथा धरती से सहनशक्ति, इधर देखें नदी, वृक्ष आदि सीख है हमारे लिए।

ग्रन्थों को देखने से लगा युग-युगों से मानवी दान कम नहीं - चक्रवर्त्ती महाराजा हरिश्चन्द्र - दानी कर्ण - एकलव्य आदि नाम अंकित हैं ।

राष्ट्र विभूतियो! धन से शोभा बढ़ती है, इससे अच्छे मकानों, बागों, दीवारों को सजाते हैं, बढ़िया वस्त्र से श्रृंगार करते हैं। अतः धन बिना सजावट नहीं हो पाती।

दाता धन की शोभा बढ़ाता है, धन से सबकी शोभा बढ़ती है, तभी तो कहा - अपने तन से, मन से, धन से दूसरों को दान करना ही सच्चा इंसान कहाता है ।

धन कमाना, पर दानी होकर दूसरों की भलाई, दीन-दुखियों, अनाथों, असहायों की धन से सहायता करना, बड़े पुण्य का काम है। देश, धर्म, राष्ट्र और संसार की सुसेवा के लिए धन-दान, धन की महिमा बढ़ाना है।

पात्रों को और सुकार्यों में धन-दान करने से घटता नहीं है, बढ़ता ही है। दानी को सद्भावनाएँ, शुभकामनाएँ, शुभाशीषें प्राप्त होती हैं। जिससे दाता के धन में वृद्धि होती है। यह माना कि अभी धन की कमी है, अपना जीवन ही तो जैसे-तैसे चलता है फिर भी ईश्वर प्रदत्त यह हाथ अपनी दौलत है कि किसी के काम आए। वाणी द्वारा क्या कुछ करके सुनने वाले को अमृत दे सकते हैं। इससे विद्या, बुद्धि, आयु की वृद्धि होती है।

इससे भी बड़ा दान जिससे किसी को जीवन मिल जाय, वह है 'रक्त दान'। इतना बड़ा निःस्वार्थ सेवा-दान से यहाँ पर दाता की श्रेणी में नाम प्रथम स्थान पर आता है। दान की महिमा अपार है यदि और कुछ नहीं तो देखिये समय का दान भी कितना बहुमूल्य दान है, वह समय ब्रह्ममुहूर्त में संध्या, यज्ञ, स्वाध्याय आगे चलकर कहीं सत्संग हो रहा हो, समय वहाँ लगा दें, जैसे बागों में सुगन्ध बिखर जाती है वैसे दानी का विश्व में उन्नति के शिखर पर कह सकते हैं – दाता देने वाला - **राधांसि** - धनों को - **शुंभति** - सुशोभित करता है।

धन से शोभा मनुज की ।
धन की शोभा दान की ।

सामाजिक गतिविधियाँ

श्री सत्यदेव प्रीतम, सी.एस.के,आर्य रत्न

एक विशेष यज्ञ

रविवार दि० २१.०४.१३ को प्रातः ९.३० बजे बैरिस्टर विकास तिलकधारी और उसकी धर्मपत्नी श्रीमती पूनम सुकन तिलकधारी ने अपने नये ओफिस (L'E-tude) में वैदिक यज्ञ करवाया। एक से अधिक वकील जिस ओफिस में काम करते हैं उसे चाम्बर्ज़ (Chambers) कहते हैं।

यज्ञ सम्पन्न करने वाले आर्य सभा के पूर्व अन्तरंग सदस्य श्री बिसुनदेव बिसेसर और श्रीमती सती रामफल थे। चन्द गण्यमाण्य लोग उपस्थित थे – जिनमें आर्य सभा के प्रधान हरिदेव रामधनी, मंत्री सत्यदेव प्रीतम, उपमंत्री श्री बालचन्द तानाकूर उपमंत्री, वरिष्ठ वकील गी, ओलिब्री, श्रीमती मन्दा बुलेल तथा तिलकधारी परिवार के चन्द अन्तरंग सदस्य।

यज्ञ सम्बन्धी दो भजनों के बाद बारी बारी से आर्य सभा के प्रधान, मन्त्री, उपमंत्री के लघु भाषण हुए और अन्त में श्रीमान और श्रीमती के प्रेरणास्रोत श्रीमती बुलेल ने आशीर्वचन दिया ।

ऐसे विशेष स्थान पर, चन्द विशेष लोगों की उपस्थिति में ऐसे विशेष यज्ञ में भाग लेने का विशेष मौका मिला ।

नये आर्य मंदिर का उद्घाटन

रविवार दि० ०५.०५.१३ को दोपहर २.०० बजे नये आर्य मंदिर का उद्घाटन मोरिशसीय गणराज्य के राष्ट्रपति के कर कमलों द्वारा उद्घाटन हुआ। विशिष्ट अतिथि विदेश मंत्री डा० अरविन्द बूलेल के साथ सार्वजनिक सेवा मंत्री माननीय सत्यदेव मुच्या उपस्थित थे। आर्य सभा मोरिशस के ९ सदस्य उपस्थित थे। यह इस बात का द्योतक है कि हम कितनी दिलचस्पी लेते हैं समाज के कार्य को आगे बढ़ाने में ।

मंदिर के निर्माण कार्य में डा० हंसा गणेशी का बहुत बड़ा आर्थिक योगदान रहा।

राष्ट्रपति श्री राजकेश्वर परयाग ने आदत अनुसार बहुत ही प्रेरणाप्रद बातें कहते हुए कहा कि अपने स्थापना काल से लेकर आज पर्यन्त देश के उत्थान के लिए आर्य समाज ने सभी क्षेत्रों में योगदान दिया। यदि आज हमारा देश प्रगति के शिखर में है तो इसमें आर्य समाज की सक्रियता का परिणाम है और अन्य मुद्दों पर बोलते हुए अपने भाषण के अन्त में कहा – फिर से एक बार अपने बीस साल पहले की माँग को दोहराता है आज भी आर्य सभा की ओर से सहयोग की माँग है।

डा० अरविन्द बूलेल ने भी राष्ट्रपति ही जैसे आर्य सभा मोरिशस से माँग की कि आज समाज में असामाजिक तत्व की घुस-पेठ हो रही है। सब की नज़र आर्य समाज के सहयोग की ही ओर लगी हुई है। समाज को बचाने का काम आर्य समाज ही कर सकता है।

YOU CAN SUCCEED

You are born to win. You are born to experience radiant health, happiness, peace of mind, confidence and financial success. To do so is to partake of the joys of life. You are not born into this world to experience a life-time of sickness, fear, anxiety, loneliness, poverty or failure of any degree. To experience failure continually is to deny God's true purpose for you-an abundant, joyful, healthy and creative life.

सन्तान के लिए वस्त्र माताएँ बुनती हैं।

डॉ० चेतना बद्री

माँ, माता, जननी, अम्बा चाहे जिस भी नाम से सम्बोधित किया जाए, उसका अर्थ है – प्रेम, स्नेह, लगन, उत्तरदायित्व, सद्भावना, जो एक माँ के स्वाभाविक गुण हैं। इसलिए कहा गया है कि माता अपनी ममता से सन्तान के ज्ञान-कर्म को सही दिशा देती है या विस्तार करती है। ऋग्वेद में कहा गया है –

वि तन्वते धियो अस्मा अपांसि वस्त्रा
पुत्राय मातरो वयन्ति ।
उपप्रक्षे वृषणो मौदमाना दिवस्पथा
वध्वो यन्त्यच्छ ।।

ऋ० ५.४७.६

शब्दार्थ – **मातरः** - माताएँ, **अस्मै** - इस पुत्र के लिए, **धियः** - बुद्धियों, **अपांसि** - कर्मों को, **वितन्वते** - विस्तृत कराती हैं, **पुत्राय** - संतान के लिए, **वयन्ति** - बुनती हैं (बनाती हैं), **वध्वः** - वधूएँ, **मोदमानाः** - प्रसन्न होती हैं, **उपप्रक्षे** - सम्पर्क के निमित्त, **दिवस्प्रथा** - ज्ञान के मार्ग से, **वृषण** -समर्थ पुरुषों को, **अच्छ** - ठीक प्रकार, **यन्ति** - प्राप्त होती हैं, **दिवः** - चाहती हुई, **पथा** - धर्म मार्ग ।

व्याख्या – सन्तान जो कुछ भी है, वह प्रायः माता-पिता के आचार-विचार, आहार-व्यवहार तथा संस्कार का प्रतिबिम्ब है अर्थात् मनुष्य की सन्तान उसका सच्चा स्वरूप होती है। माता-पिता के आचार-विचार वा संस्कार बालक पर अवश्य पड़ता है। माता के अचार-विचार से बालक अत्यधिक प्रभावित होता है। एक माँ चाहे तो बालक को शूरवीर, धीर-गम्भीर, धर्मात्मा-महात्मा, विद्वान्-पण्डित, ज्ञानी-ध्यानी, बना दे। इसके विपरीत यदि एक माँ चाहे तो उसे कायर, भीरु, विक्षिप्त, चंचल, पापात्मा, दुरात्मा, मूढ, अज्ञ, विषयी, दुराचारी बना दे। एक बालक के जीवन का प्रारम्भ माता की गोद में होता है और उसका बचपन माँ की गोद में ही बीतता है। माँ की एक-एक चेष्टा, क्रिया-कलाप, भाषण, गमन, आसन आदि सभी का बालक बहुत ध्यान से अनुकरण करता है। असमर्थ होते हुए भी बालक अपनी माता का अनुकरण करता है। दूसरे शब्दों में एक बालक की प्रवृत्ति को माता बनाती है अर्थात् आज का मानव जो कार्य या व्यवहार कर रहा है वह कहीं न कहीं अपनी माता के संस्कारों से जुड़ा हुआ है। फिर वह अच्छा कार्य हो या बुरा। इसलिए वेद मंत्र कहता है – **'वितन्वते धियो अस्मा अपांसि...मातरः'** अर्थात् माताएँ अपनी सन्तान के लिए बुद्धियों एवं कर्मों का विस्तार करती हैं। एक बालक के पालन-पोषण में माता का उत्तरदायित्व बहुत अधिक है। यदि इस संसार की प्रत्येक माँ सन्तान के प्रति अपने उत्तरदायित्व भली-भाँति समझ जाये, तो संसार की समस्या व संकट स्वयं ही दूर हो जायेगा। माँ हृदय की तुच्छ दुर्बलता को त्याग कर, सामाजिक दुर्भावनाओं से ऊपर उठकर, सारे संसार को अपना परिवार मानकर, इस विशाल मानव समाज के कल्याण की कामना से प्रेरित होकर, अपना आचार-विचार ऐसा बनाएँ कि बालकों के मन में **'वसुधैव कुटुम्बकम्'** की भावना उत्पन्न हो जाये, तब अवश्य ही संसार में व्याप्त अशान्ति दूर होकर शान्ति का वातावरण हो सकता है।

प्रस्तुत मंत्र में बताया गया है – **'वस्त्रा पुत्राय मातरो वयन्ति'** अर्थात् माताएँ सन्तान के लिए वस्त्रों का निर्माण करती हैं। यदि यह कार्य भी माताएँ करें तब गृहशिल्प को बढ़ावा मिलेगा, व्यापारिक उन्नति भी होगी। मंत्र में यह भाव भी दर्शाया गया है कि स्त्री को अपने कर्त्तव्य तथा आवश्यकताओं व योग्यता का ज्ञान होना चाहिए तभी वह **'मातृदेवो भव'** को साकार करती है।

श्रीमती बसन्ती देवी प्रीतम अब न रही

श्री हरिदेव रामधनी, आर्य रत्न - सभामन्त्री आर्य समा मॉरीशस

आर्य सभा के महामंत्री श्री सत्यदेव प्रीतम जी की धर्मपत्नी श्रीमती माधुरी देवी प्रीतम का देहावसान गत् गुरुवार दि० २५ अप्रैल २०१३ को प्रातः १०.३० बजे कॉदोस अस्पताल के सी०सी० सेन्टर में हो गया।

बिल्कुल बीमार नहीं थी, न बीमार दीखती भी थी। सोमवार को तबीयत ठीक नहीं लगी तो डा० रामयाद को दिखाने गयी। मंगलवार को रात्रि के ९.०० बजे उन्हें सांस लेने में कठिनाई हुई तो अस्पताल ले जायी गई और तीन घण्टे तक डाक्टरों ने मुआयना किया और घर वापस आ गई। फिर गुरुवार को सुबह आठ बजे स्वास्थ्य एकाएक गिरने लगा और अस्पताल में डाक्टरों की देखभाल के बावजूद भी स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं आ रहा था तो स्पेशल केर उनिट में दाखिल किया गया जहाँ पर ठीक १०.२५ पर उनके प्राण पखेरू उड़ गये ।

यथा नाम तथा काम। श्रीमती जी का नाम माधुरी था। वह मधुर बोलती थी। सरल स्वभाव की महिला थी। मुख पर सदा मुस्कराती रहती थी।

महामंत्री श्री सत्यदेव प्रीतम को उनके सामाजिक सेवा कार्य में पूरा सहयोग और सहायता रही। सत्यदेव की अर्धांगिनी पूरे जीवन साथ-साथ रही। अगर ऐसा सहयोग नहीं देती श्री प्रीतम जी तो निसंदेह जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते। कहावत प्रसिद्ध है कि हरेक पुरुष की प्रगति में एक महिला का हाथ होता है, ऐसा हमने देखा।

श्रीमती प्रीतम जी ने (Ministry of Education) शिक्षा मंत्रालय में पूरे छत्तीस वर्षों तक सेवा प्रदान करने के बाद तीन साल पहले अवकाश लिया। उसका गृहस्थ जीवन बहुत सुखमय रहा। प्रीतम जी कहते हैं ऐसा व्यक्ति मिलना बहुत कठिन है। अच्छे सामाजिक कार्यों में सदा अपने पति के साथ रहीं। एक मात्र लड़की को अपने पति के साथ छोड़कर मृत्यु लोक से विदा हो गयी।

अब केवल स्मृति शेष रहेगी ।

ANNUAL REPORTS 2012

ARYA JILA PARISHAD

मोका आर्य ज़िला परिषद्

२०१२ के लिए मोका आर्य ज़िला परिषद् का गठन निम्न प्रकार हुआ था - *मान्य-प्रधान* - श्री नरेन्द्र घूरा जी, *प्रधान* - श्री बालचन्द तानाकूर जी, *उपप्रधान* - श्री दिमल बेचू जी, *उपप्रधाना* - श्रीमती अनजनी महिपत जी, *मन्त्री* - पंडित सत्यानन्द फाकू जी, *उपमन्त्री* - श्री दिवसराज गंगू जी, *कोषाध्यक्ष* - श्री कृष्णदत्त सिबरण जी, *उपकोषाध्यक्ष* - श्री देवननन बाजनाथ जी, *सदस्य* – श्री कृष्णलाल मोहित जी, श्री अमिचन्द करिमन जी, श्री प्रेमचन्द सिबरण जी, श्री विष्णुदत बिजाधर जी, श्री हंसराज मंगर जी, पंडिता चम्पावती बम्मा जी, श्री नारायणदत्त सिबरण जी, श्रीमती कैककयी कुंजल जी, डा० उदयनारायण गंगू जी और *Ex-Officio Member* श्री हरिदेव रामधनी जी (आर्य सभा)।

गत वर्ष मोका आर्य ज़िला परिषद् की नौ बैठकें लगी थीं। परिषद् की ओर से मकर संक्रान्ति, महर्षि दयानन्द जयन्ती, ऋषिबोधोत्सव, आर्य समाज स्थापना दिवस, सत्यार्थप्रकाश जयन्ती, श्रावणी उपाकर्म, दीपावली एवं निर्वाण दिवस और श्रद्धानन्द बलिदान दिवस पर्व भव्य रूप से आयोजित किए गए।

परिषद् की ओर से मोका प्रान्त के समाजों की समस्याओं, स्थिति इत्यादि मुद्दों पर पूरा ध्यान दिया गया। मन्दगति से चलने वाले समाजों में जागरूकता लाने का प्रबन्ध।

पेची वेर्ज़े तथा लासिरांस आर्य समाज की समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया गया। साप्ताहिक सत्संग की गतिविधियों में सुधार लाने के लिए दो बार विशेष बैठक।

आर्य सभा की खाली ज़मीन का दौरा किया गया। मई महीने में रेडियो पर सत्यार्थप्रकाश जयन्ती से सम्बन्धित मंगलाचरण कार्यक्रम।

छात्रों के साथ आचार्य आशीष जी द्वारा एक सप्ताह के लिए एक कार्यशाला।

सायंकालीन पाठशालाओं में धार्मिक शिक्षा पर बल देने का निर्णय लिया गया था। समिति की ओर से सन्ध्या प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। पारिवारिक सत्संग का आयोजन किया गया था। स्वर्गीय मोहनलाल मोहित जी ११० वीं वर्षगाँठ।

भावी योजना

(१) आर्य महिला सम्मेलन का आयोजन।
(२) आर्य युवक संघ का गठन।
(३) धार्मिक पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना।
(४) स्वर्गीय यशकरण मोहित जी की १०० वी वर्षगाँठ मनाना।
(५) आर्योदय के नये ग्राहकों की संख्या बढ़ाना।

बालचन्द तानाकूर
प्रधान

ग्राँ पोर आर्य ज़िला परिषद्

आर्य सभा की ओर से गाँ पोर आर्य ज़िला समिति का गठन साल २०१२-२०१३ के लिए निम्न प्रकार हुआ :-(१) *मान्य प्रधान* - श्री बिसेसर राकाल,*आर्य रत्न,* (२) श्री भरत मंग्रू, *आर्य भूषण - प्रधान*, (३) श्री सूर्यप्रकाश तोरल, *पी.डी.एस.एम - उपप्रधान,* (४) श्री देवदत्त सोमना - *उपप्रधान,* (४) श्री सुरेश नारेन - *उपप्रधान*, (५) श्री धरमवीर गंगू - *मन्त्री*, (६) श्री ज्ञानदेव लीछू - *उपमन्त्री*, (७) श्री मधुकर नारेन - *उपमन्त्री*, (८) श्री हरिलाल रामज्यावन, (९) श्री बलराम शामी - *कोषाध्यक्ष*, (१०) श्री धून रामधोनी - *उपकोषाध्यक्ष*, (११) श्री देवराज शितल, (१२) श्री देवानन्द रिझो - *उपकोषाध्यक्ष*, (१३) श्री हरिदेव रामधनी - *सलहाकार*, *सदस्य* — (१४) श्री देहानन्द सिबालक, (१५) पंडित सत्यव्रत सयजादा, (१६) श्री रानधीर कालिया, (१७) श्री प्रेमजियान रिझो, (१८) श्री देवऋषि जूतन, (१९) श्री मंगलप्रसाद रिझो, (२०) श्री हंसरानी शितल, (२१) श्री दमयन्ती सितोहल, (२२) श्री बिसुन सरधाराम, (२३) श्रीमती चन्द्रावती हरदोयाल, (२४) श्रीमती इन्दिरा मत्तर, (२५) श्रीमती माधुरी बसन्तु, (२६) श्री देवदत्त सोमना, (२७) श्री राजनाथ नाइको, (२८) पंडित धरमविर देबी, (२९) पंडिता चम्पावती रामचर्ण, (३०) पंडिता सुनिता ओबिलक और (३१) श्री रबिचन्द्र रघू, (३२) श्री हरिदेव रामधनी,*आर्य रत्न - Ex-Officio Member.*

ग्राँ पोर आर्य ज़िला समिति सक्रिय रूप से कार्य कर रही है । इस समिति के प्रधान श्री भरत मंगरू जी हैं तथा सलाहकार श्री हरिदेव रामधनी जी हैं। साल २०१२ में नियमित रूप से अंतरंग की बैठकें लगीं। साल के दौरान कई महत्वपूर्ण योजनाएँ सभी लोगों के सहयोग से साकार हुईं। साथ ही साथ निम्न गतिविधियाँ भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईः- १. वेदारम्भ संस्कार/विद्या आरम्भ यज्ञ, २. मकर संक्रान्ति के अवसर पर विशेष कार्यक्रम, ३. रक्त-दान, ४. ऋषि-बोध उत्सव, ५. आर्य समाज स्थापना दिवस, ६. युवकों के लिए Pointe-Jerome आवासीय केन्द्र में आचार्य आशिष जी द्वारा कार्यशाला, ७. सत्यार्थप्रकाश जयन्ती के अवसर पर शाखा समाजों में विशेष कार्यक्रम, ८. श्रावणी महायज्ञ, ९. पारिवारिक सत्संग, १०. समिति की वर्षगाँठ तथा आप्रवासी दिवस, ११. दीपावली के अवसर पर संगीत सम्मेलन, १२. पंडितों के साथ 'Brain-Storming' सत्र, १३. श्रद्धानन्द बलिदान दिवस एवं वर्षान्त समारोह।

ग्राँ पोर आर्य ज़िला समिति साल २०१३ की चुनौतियों को डटकर सामना करने के लिए मानव संसाधन पर बल दे रही है। युवकों को उचित प्रशिक्षण द्वारा सामाजिक कार्यों की ओर प्रेरित किया जा रहा है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं। पंडितों एवं वेदपाठियों के सहयोग से गाँव-गाँव में धर्मप्रचार का कार्य प्रशंसनीय रूप से किया जा रहा है। आशा है कि यह साल भी ग्राँ पोर ज़िला समिति के लिए सकारात्मक सिद्ध होगा।

धरमवीर गंगू
मंत्री

सावान आर्य ज़िला परिषद्

कार्यकारिणी समिति – मान्य-प्रधान - श्री मेघराज गुमानी, *प्रधान* - श्री भगवानदास बुलाकी, *उपप्रधान* - श्री देवानन्द गोखुल, *मंत्री* - श्री राजेन्द्रप्रसाद रामजी, *उप-मन्त्री* - श्री अनिरुद्ध गजाधर, *कोषाध्यक्ष* - श्री जगदीश मकुनलाल, *उप-कोषाध्यक्ष* - श्री भरनदेव भोवन, *सदस्य* – श्री देवचन्द बिसम्भर, श्री मारिमूतू कानी, श्री रविन्द्रनाथ मोते, श्री हंसराज बदू, श्री संजय बाछू, श्री अशोक हरगोबिन, श्रीमती शिक्षा गोबिन, श्रीमती गीता हरपोल, श्री राज मोती, श्रीमती खेमावती मोधू, श्रीमती आरती मंग्रू, श्रीमती वेदवन्ती सूमिबारायनायको, श्री प्रेमनाथ कालिचर्ण, और *Ex-Officio Member* - श्री हरिदेव रामधनी, *आर्य रत्न* ।

इसके अतिरिक्त और १५ सदस्य हैं। कुल शाखा समाजों की संख्या - ४०

गतिविधियाँ

१. सुयाक आर्य भवन में दैनिक यज्ञ-स्वामी सोमानंद तथा पुरोहित-पुरोहिताओं द्वारा ।
२. हिन्दी की पढ़ाई - छात्र संख्या - १०० से ऊपर ।
३. योग कक्षा
४. संगीत प्रशिक्षण
५. आचार्य उमा द्वारा मंत्र-पाठ शिक्षण
६.युवा पीढ़ी के लिए संगोष्ठि का आयोजन
७. पुस्तकालय सुविधा - प्रति शनिवार खुला रहता है ।
८. शेमें ग्रेनिये आश्रम में सेवा कार्य
९. सभी आर्य पर्व-त्योहार मनाए जाते हैं।
१०. आर्य सभा में परिषद् के नाम पर एक लाख की एक स्थिर निधि स्थापित है।
११. ऋषि बोध के उपलक्ष्य पर सुयाक आर्य भवन में पाँच दिवसीय महायज्ञ ।
१२. रिव्येर जू पोस्त समाज में आर्य समाज स्थापना दिवस ।
१३. १४ आर्य मंदिरों में सत्यार्थ प्रकाश जयंती।
१४. सभी समाजों में वेद मास के दौरान यज्ञ का आयोजन ।
१५. दीपावली तथा ऋषि निर्वाण के उपलक्ष्य पर सुयाक अस्पताल में मिठाई वितरण।
१६. संगीत सम्मेलन का आयोजन ।

भावी योजना

(i) शेमें ग्रेनिये आश्रम में एक नयी मंजिल जोड़ना ।
(ii) हिन्दी पढ़ाई के लिए तीन अतिरिक्त पाठशालाएँ खोलना ।
(iii) सेंतोबें और कोमलोन में के नए भवनों में हिन्दी की पढ़ाई।

राजेन्द्र प्रसाद रामजी
प्रेषक - मंत्री

फ़्लाक आर्य ज़िला परिषद्

साल २०१२ के लिए फ्लाक आर्य ज़िला समिति का गठन निम्न प्रकार है :- *प्रधाना* - श्रीमती धनवन्ती रामचर्ण, *उपप्रधान* - श्री ध्रुवानन्द दामरी, *मंत्री* - श्री प्रभाकर जीऊत, *उपमंत्री* - श्रीमती विद्यावती कासिया, *कोषाध्यक्ष* - श्रीमती तोकोरी हेमलता, *उपकोषाध्यक्ष* - प्रेमवादा लीलकन्त, *सलाहकार* - मनीदेव सोब्रन, *सदस्य* — श्रीमती मुलराज़ सिधियान, श्री लक्ष्मीनारायण रामचर्ण, श्रीमती धनवन्ती लोबिन, श्री धनराज धुरन्दर जी, श्री अनिरूद जुति, श्री सिवन भगालू, श्रीमती श्यामावती सिधियान, श्रीमती सुनिता दसोई, श्री विनोद दोमा, पंडित शिवशंकर रामखेलावन, पंडिता सत्यभामा दोमन, पंडित नारायनदत्त दोमन, श्री सुमन्देव सुकनोथ, पंडित दयानन्द तोसादू रामदू, पंडित ज्ञानदत्त तुलुआ, पंडित कमला संधू, पंडित प्रेमलाल बूलक, पंडिता सिमला देवी देबिया, पंडिता सरिता देवी बदोरिया, श्रीमती परमावती दरमदर, श्री धनेश्वर रामसरन, पंडित जीवन पोखन, श्री हरिदेव रामधनी, *आर्य रत्न - Ex-Officio Member.*

(१) जनवरी २०१२ - पहली जनवरी को घर-घर एवं समाजों में यज्ञ का आयोजन शिक्षा आरम्भ यज्ञ ।

१४ जनवरी - मकर संक्रान्ति घरों एवं समाजों में बृहद यज्ञ।

हर मास को पूर्णिमा यज्ञ मार लाशो आर्य मंदिर में बृहद यज्ञ और भोजन के साथ ४.०० से ६.०० बजे तक भजन-कीर्तन के साथ।

(२) फरवरी २०१२ - सीता अष्टमी और दयानन्द दशमी

सीता अष्टमी १५ फरवरी को सभी महिला समाजों में आयोजन ।

दयानन्द दशमी भव्य रूप से एक विचार गोष्ठी पुरोहितों के साथ बेल-मार आश्रम एवं सुमंगली यज्ञशाला में ।

दयानन्द जयन्ती - १६ फरवरी - पूरे मास दयानन्द जयन्ती और ऋषि बोध सभी समाजों एवं परिवारों में भव्य रूप से आयोजन ।

